कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273

Accredited by NAAC with Grade “B”

दिनांक 01.12.2022

एड्स दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

आज दिनांक 01.12.2022 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में संस्था प्रमुख डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के दिशानिर्देशन एवं IQAC प्रभारी श्री विनय चौरे के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) का रेड रिबन लगाकर किया गया।

तत्पश्चात वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र शर्मा, डॉ. एच.एस भाटिया का रेड रिबन लगया गया।

संस्था शिरोमणी डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने अभिकथन में कहा कि एड्स दिवस प्रतिवर्ष 01 दिसम्बर को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य एच आई वी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स महामारी के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। जो कि एक यह लाइलाज बिमारी है एवं यौन संचरित रोग है। इसे फैलने से रोकने के लिए इसकी जानकारी ही उपाय है। यह रेड रिबन एच आई वी पॉजिटिव लोगों के साथ एक जुटता और एड्स क साथ जी रहे लोगो की वैश्विक प्रतीक है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र के सहा. प्राध्यापक सुश्री प्रीति बाला ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि एड्स का पुरा नाम एक्वायर्ड इम्युनो डेफिसिएंशी सिंड्रोम है। और यह एक तरह विषाणु है। जिसका नाम HIV (Human immunodeficiency virus) है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के एन.एस.एस. के स्वयं सेवक एवं एन.सी.सी. के कैडेटों द्वारा एड्स जागरूकता रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य महोदया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली महाविद्यालय से निकलकर बस स्टैण्ड छुरिया से जनपद पंचायत छुरिया से होते हुए तहसील कार्यालय छुरिया की ओर से खुटा छुरिया से होते हुए एड्स जागरूकता का प्रचार–प्रसार करते हुए वापस महाविद्यालय पहुंची।

इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी श्री उष्यंत कुमार चनाप, एनएसएस प्रभारी श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया, सहायक प्राध्यापक सुश्री दीपिका ध्रुवे, सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर एवं समस्त अतिथि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य